# Sana Malik: कौन हैं सना मलिक? जिन्हें महाराष्ट्र के डिप्टी CM अजित पवार ने बनाया NCP का प्रवक्ता

Sana Malik News: महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी चीफ अजित पवार ने सना मलिक को पार्टी का प्रवक्ता घोषित किया है. आगामी विधानसभा चुनाव में सना को टिकट देने की भी संभावना है.

By : एबीपी स्टेट डेस्क | Edited By: hasnainalam5291 | Updated at : 20 Aug 2024 12:41 PM (IST)



सना मलिक

Source : Sana Malik Shaikh Facebook

**Sana Malik Latest News:** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक ने सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ मुंबई में मंच साझा किया. इस घटनाक्रम से भारतीय जनता पार्टी नाराज हो सकती है, क्योंकि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नहीं चाहते हैं कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में नवाब मलिक को शामिल किया जाए. एनसीपी संस्थापक शरद पवार के पूर्व करीबी नवाब मलिक धनशोधन के एक मामले में आरोपी हैं. वह इस समय चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत पर हैं.

मुंबई में नवाब मलिक के विधानसभा क्षेत्र अणुशक्ति नगर में 'जन सम्मान' यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें अजित पवार ने सना नवाब मलिक को अपनी पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया.

## कौन हैं सना मलिक?

सना मलिक पूर्व मंत्री नवाब मलिक की बेटी हैं. नवाब मलिक के विधानसभा क्षेत्र अणुशक्ति नगर में उनकी बेटी सना मलिक भी काफी सक्रिय दिखाई देती हैं. वे अक्सर स्थानीय लोगों के बीच पहुंचती हैं और उनकी समस्याएं सुनती हैं. पिता के बाद बेटी भी अणुशक्ति नगर विधानसभा में अच्छी पैठ रखती हैं. सना मलिक को अब एनसीपी चीफ अजित पवार ने एनसीपी का प्रवक्ता घोषित किया. आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें टिकट भी दिए जाने की संभावना है. अणुशक्ति नगर में 'जन सम्मान' यात्रा का कार्यक्रम रखा गया था. इसके आयोजक भी नवाब मलिक और सना मलिक रहे.